संख्या–cm-513
**02/10/2023**

# भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उन्हें नमन किया गया

पटना, 02 अक्टूबर 2023 :– भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पूरे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनायी गयी तथा उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

पटना के शास्त्रीनगर पार्क में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शास्त्रीनगर पार्क में स्थापित स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमा खान, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेन्द्र राम, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो0 इसराइल मंसूरी, विधायक श्री शकील अहमद खान, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती–पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। पिछले बार के कृषि रोड मैप से इस बार का कृषि रोड मैप कैसे अलग होगा, पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सब तैयारी कर ली गई है। यह बनकर तैयार है, अब इसे लागू करना है। प्रथम कृषि रोड मैप को वर्ष 2008 से हमने शुरू किया था जो वर्ष 2012 तक चला। इस कार्यक्रम के लिए हमने तत्कालीन राष्ट्रपति जी को बुलाया था। इस बार भी हमने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को बुलाया है। उन्होंने समय दे दिया है, जल्द ही इसकी शुरुआत हो जाएगी।

आपकी पार्टी में टूट का दावा किया जा रहा है, पत्रकारों के इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपावालों ने पत्रकारों को बर्बाद कर ही दिया है अब हमलोगों को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। इन सब बातों का कोई मतलब नहीं है। उनलोगों का केवल प्रचार होता है इसलिए हमने इन सब बातों पर ध्यान देना बंद कर दिया है।

भाजपा सांसद श्री सुशील मोदी कह रहे हैं कि आप गवर्नर बनने के इच्छुक हैं, इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको जो बनना है बन जाएं, मेरे लिए क्यों चिंतित हैं।

******